भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1872
गुरुवार, दिनांक 14 दिसम्बर, 2023 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>सौर पंप</u>

1872. श्री संजय काका पाटीलः
श्री श्रीधर कोटागिरिः
कुमारी गोड्डेति माधवीः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में देशभर में स्थापित सौर पंप इकाइयों की संख्या का ब्यौरा क्या है?

(ख) इन इकाइयों से किसानों द्वारा अर्जित किए जा रहे लाभ का ब्यौरा क्या है?

(ग) क्या सरकार का किसानों को ग्रिड से जुड़े सौर पंप उपलब्ध कराने के विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत मंत्री
(श्री आर. के. सिंह)

(क) पीएम-कुसुम योजना के घटक 'ख' और 'ग' के तहत स्थापित सौर पंपों की संख्या अनुलग्नक-I में दी गई है।

(ख) से (घ): पीएम-कुसुम योजना के घटक 'ग' के तहत व्यक्तिगत पंप सौरीकरण (आईपीएस) और फीडर स्तरीय सौरीकरण (एफएलएस) के माध्यम से ग्रिड कनेक्टेड कृषि पंपों के सौरीकरण की अनुमति है।

व्यक्तिगत पंप सौरीकरण (आईपीएस) के तहत किसानों को, वितरण कंपनियों को बिजली बेचकर अतिरिक्त आय अर्जित करने का अवसर प्रदान किया गया है। किसानों द्वारा अर्जित अतिरिक्त आय एक राज्य से दूसरे राज्य और एक राज्य के भीतर अलग-अलग होगी जो सौर इनसोलेशन, वितरण कंपनी द्वारा दी जाने वाली बिजली की कीमत और स्थापित सौर पैनलों की क्षमता पर निर्भर करेगी। योजना के इस घटक के तहत अधिकांश परियोजनाएं हाल के वर्षों के दौरान ही चालू की गई हैं और इसलिए, किसानों को प्राप्त लाभ से संबंधित ब्यौरे अभी राज्य कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा नहीं दिए गए हैं।

आईपीएस के तहत स्वीकृत और स्थापित पंपों की संख्या भी अनुलग्नक-I में दर्शाई गई है।

अनुलग्नक

"सौर पंप" के संबंध में पूछे गए दिनांक 14.12.2023 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1978 के भाग (क) तथा (ख) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

पीएम-कुसुम योजना के तहत हुई प्रगति (31.10.2023 की स्थिति के अनुसार)

| क्र.सं. | राज्य | घटक-ख (संख्या) | | घटक-ग (संख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्वीकृत | स्थापित | स्वीकृत (आईपीएस) | स्वीकृत (एफएलएस) | स्थापित (आईपीएस+ एफएलएस) |
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | 400 | 199 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | असम | 4000 | 0 | 1000 | 0 | 0 |
| 3 | छत्तीसगढ़ | 0 | 0 | 0 | 330500 | 0 |
| 4 | बिहार | 0 | 0 | 0 | 160000 | 0 |
| 5 | गुजरात | 8082 | 2459 | 2000 | 425500 | 0 |
| 6 | गोवा | 200 | 0 | 0 | 11000 | 700 |
| 7 | हरियाणा | 252655 | 67435 | 0 | 65079 | 0 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 1580 | 501 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | जम्मू एवं कश्मीर | 5000 | 838 | 4000 | 0 | 0 |
| 10 | झारखंड | 36717 | 12985 | 1000 | 0 | 0 |
| 11 | कर्नाटक | 35314 | 314 | 0 | 337000 | 0 |
| 12 | केरल | 100 | 8 | 45100 | 25387 | 2449 |
| 13 | लद्दाख | 2000 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 17000 | 7134 | 0 | 295000 | 0 |
| 15 | महाराष्ट्र | 225000 | 74575 | 0 | 575000 | 0 |
| 16 | मणिपुर | 150 | 78 | 0 | 0 | 0 |
| 17 | मेघालय | 2535 | 54 | 0 | 0 | 0 |
| 18 | मिजोरम | 1700 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | नागालैंड | 265 | 65 | 0 | 0 | 0 |
| 20 | ओडिशा | 5741 | 1411 | 40000 | 10000 | 0 |
| 21 | पुडुचेरी | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 22 | पंजाब | 78000 | 12952 | 186 | 100000 | 0 |
| 23 | राजस्थान | 198884 | 59732 | 12500 | 200000 | 1375 |
| 24 | तमिलनाडु | 7200 | 3187 | 0 | 0 | 0 |
| 25 | तेलंगाना | 400 | 0 | 0 | 8000 | 0 |
| 26 | त्रिपुरा | 8021 | 2117 | 2600 | 0 | 50 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 66842 | 31752 | 2000 | 370000 | 0 |
| 28 | उत्तराखंड | 3685 | 318 | 200 | 0 | 0 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 10000 | 0 | 23700 | 0 | 20 |
| | कुल | **971471** | **278114** | **134286** | **2912466** | **4594** |

*****